# भारत में शिक्षा की चुनौतियों पर मंडी में सेमिनार का आयोजन

## बच्चे स्कूल छोड़ नहीं रहे स्कूल से बाहर धकेले जा रहे हैं :डा. अनीता रामपाल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बच्चे स्कूल छोड़ नहीं रहे बल्कि उन्हें स्कूल से बाहर धकेला जा रहा है। भारत में शिक्षा की चुनौतियों पर मंडी में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व डीन एवं भारत ज्ञान विज्ञान समिति की कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनीता रामपाल ने दावा किया कि अगर नई शिक्षा नीति देश में लागू होती है तो एक बड़ा तबका शिक्षा से वंचित हो जाएगा। डॉ. रामपाल ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा में लड़कियों की संख्या बढ़ी है। यह लड़कियों की शिक्षा के लिए खतरे का संकेत है क्योंकि हमारे सामाजिक ढांचे में अभी इतनी स्वतंत्रता नहीं है कि लड़कियां घर पर पढ़ पाएं। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि



हिमाचल जिसे केरल के बाद सरकारी शिक्षा के लिए सबसे अनुकूल और बेहतर माना जाता था उसने भी केंद्र सरकार के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है और उसी की रह पर चल पड़ा है। डॉ. अनीता रामपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर शिक्षा में

> **8 डॉ. अनीता रामपाल ने दावा किया कि अगर नई शिक्षा नीति देश में लागू होती है तो एक बड़ा तबका शिक्षा से वंचित हो जाएगा**

अंधविश्वास, रूढियां और सांप्रदायिक जहर परोसा जा रहा है। देश की शिक्षा का पाठ्यक्रम बदल दिया जा रहा है। उन्होंने अध्यापक संगठनों से भी नई शिक्षा नीति का विरोध करने का आह्वान किया। वहीं पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सी रामाकृष्णन ने कहा कि आज भी 8 करोड़ बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के लिए शिक्षा का केरल मॉडल नहीं हो सकता लेकिन हर राज्य को केरल की तरह अपना एक मॉडल तैयार करके सरकारी शिक्षा को बचाना होगा। शिक्षा को सार्वभौमिक, गुणवत्तापूर्ण और सबके लिए समान बनाने के लिए जन विज्ञान आंदोलन को आवाज उठानी होगी। वहीं समिति के राष्ट्रीय सह सचिव डॉ. प्रमोद गौरी ने उच्च शिक्षा में चुनौतियों पर बात की और कहा कि उच्च शिक्षा भी संकट के दौर से गुजर.रही है। एक साजिश के तहत शिक्षा में बच्चों की छंटाई की जा रही है और सीमित बच्चों के लिए ही उच्च शिक्षा को एक तरह से संरक्षित किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों को निजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और सरकारी सहायता देने के बजाय उन्हें लोन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में कॉरपोरेट और प्रतिक्रियावादी गठबंधन बनता जा रहा है। एआईपीएसएन की राष्ट्रीय सचिव आशा मिश्रा ने देशभर में शिक्षा पर चले अभियानों और आंदोलनों का ब्योरा रखा। उन्होंने नई शिक्षा नीति का विरोध करने और शिक्षा का अधिकार अधिनियम को बचाने, बच्चों में काम करने के लिए बाल सभा के गठनए सामुदायिक शिक्षण केंद्र चलाने पर बाल दिया। सम्मेलन में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के महासचिव डॉ. काशीनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ऑनलाइन शिक्षा के नाम पर औपचारिक शिक्षा और सरकारी स्कूलों को खत्म करना चाहती है। उन्होंने झारखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि कोविड के दौरान समिति द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में निकल कर आया कि 87 प्रतिशत घरों में ही स्मार्ट फोन है। नेटवर्क कमजोर है। इस स्थिति में भारत वर्ष में ऑनलाइन शिक्षा न तो व्यवहारिक है और न ही गरीबों के हित में है। समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भूरेटा ने कहा कि हिमाचल में अभी 48 फीसदी बच्चे निजी शिक्षण संस्थाओं में पढ़ रहे हैं।

## सहकारी सभा में प्रबंधन समिति मुदार्बाद के लगे नारे

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

उपमण्डल फ तेहपुर के तहत पड़ती सहकारी सभा सिहाल में बीते दिनों सहकारी सभा द्वारा सहायक सचिब का पद भरने के लिए अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से आबेदन मांगे थे। जिस पर करीब 30 आबेदकों ने आबेदन किया था। लेकिन सभा की प्रबंधन समिति ने आवेदकों को दरकिनार रखते हुए सभा के राशन डीपु पर तैनात सेल्ज में को बिना इटरव्यू लिए ही सहायक सचिव नियुक्त कर दिया। जिस पर आवेदकों ने सभा प्रबंधन समिति के खिलाफ नारेबाजी लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की तो वहीं सरकार व विभाग से न्याय की भी अपील की। आवेदकों में अनुबाला, इंदु, सोनिका, हर्ष सहित अन्य ने बताया सभा द्वारा सहायक सचिव का पद भरने के लिए अखबारों में विज्ञापन दिया था जिसमे न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो रखी थी। जिसके आधार पर हमने व अन्य कुछ लोगों ने आबेदन किया था लेकिन प्रबंधन समिति ने उन्हें बिना सूचित किये ही दसवीं पास सभा के राशन डीपु पर तैनात सेल्ज मैन को सहायक सचिब नियुक्त कर लिया।

# बिना हेलमेट वालों को घर बैठे मिलेगा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में थाना पुलिस और रोड सेफ्टी क्लब की बार.बार अपील के बावजूद वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। हरियाणा के साथ सटे औद्योगिक क्षेत्र में अभी भी अधिकतर वाहन चालक बगैर हेलमेट के नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर रोड सेफ्टी क्लब कालाअंब के अध्यक्ष सोमनाथ ने प्रेस बयान जारी किया है।जारी प्रेस बयान में उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात के नियमों की अनदेखी नहीं करें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी क्लब और पुलिस के बार-बार आह्वान के बावजूद लोग दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाने से



परहेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही काला अंब रोड सेफ्टी क्लब मोबाइल कैमरा से ऐसे लोगों की फोटो गाड़ी के नंबर सहित खींचकर ट्रैफिक पुलिस को भेजेगा।यही नहीं सोमनाथ में यह भी कहा कि खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले इस बात से निश्चिंत रहें कि उनको रोक कर चालान नहीं किया जाएगा बल्कि उनकी गाड़ी का चालान ऑनलाइन या फिर सीधे घर पर पहुंचेगा सोमनाथ वाहन चालकों से अपील करते हुए यह भी कहा कि आप सिटी में एंबुलेंस फायर वाहन को पहले रास्ता दे। उन्होंने कहा कि हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी बनती है कि सडक पर नागरिक सुरक्षा को लेकर व्यवस्था बनाने में पुलिस व क्लब का सहयोग करें।

# जगतपुर मर्डर केस में मृतक की पत्नी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने जांच के दौरान पांवटा साहिब के जगतपुर में पिछले सप्ताह पहली जून को हुई हत्या के मामले में मृतक की पत्नी समीना को भी गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी पांवटा ने इस मामले में गहनता से जांच करते हुए कॉल ट्रेसए सीडीआर व अन्य कई तथ्यों को देखते हुए समीना को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद समीना को अदालत में पेश किया गयाए जहां से समीना को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इसके अलावा इस मामले में पहले ही गिरफ्तार मुख्य आरोपी सलमान को भी अदालत में दोबारा पेश किया गयाए जहां अदालत ने उसे भी फिर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि मृतक शाहिद की पत्नी समीना द्वारा इस हत्या में सलमान का साथ देने के साक्ष्य मिले हैं। साथ ही आरोपी सलमान व समीना ने मिलकर हत्या की है इसके भी साक्ष्य मिले हैं। उन्होंने कहा कि रिमांड के दौरान दोनों से पूछताछ की जा रही है तथा जल्द ही इसमें हत्या किन कारणों से की उसका खुलासा होगा। इस हत्या के दौरान पुलिस को शाहिद का कटा हुआ हाथ मिला था। साथ ही एक अंगूठा भी गायब था।

# महिला को कच्ची शराब के साथ दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब के वार्ड नंबर 10 देवी नगर वैसे भी नशेडि?ों का अड्डा है जिससे हर कोई रूबरू है। हर तीसरे घर में यहाँ अवैध शराब का खुला कारोबार चलता है जो एक अमीरी का साधन बन गया है। इसी कड़ी में पावंटा पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है और यह महिला अवैध कच्ची शराब बेचने का धंधा कर रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 9 बजे के करीब सूत्रों से ज्ञात हुआ कि एक महिला माया देवी निवासी वार्ड नंबर 10 देवी नगर अवैध कच्ची शराब बेचने का धंधा करती है अगर अभी छापेमारी की जाए तो शराब बरामद की जा



सकती है। जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए ड्यूटी पर तैनात मनोज कुमार थाना पांवटा साहिब ने माया देवी पत्नी विजेन्द्र निवासी वार्ड नंबर-10 देवी नगर त. पांवटा साहिब की तलाशी ली। महिला अपने रिहायशी मकान के कमरा में अवैध शराब की खरीद फरोख्त का अवैध धन्धा करती पाई गई है। माया देवी के घर पहुँचने पर तथा गवाहों के सामने माया देवी उपरोक्त के घर की तलाशी अमल में लाई गई जहाँ से 21 लीटर अवैध कशीदशुद्वा शराब बरामद हुई। इस पूरे मामले में डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ धारा 39 (1) एक्साइज एक्ट पुलिस थाना पावटा में मामला दर्ज कर लिया है।

# मुख्यमंत्री के हमीरपुर दौरे को लेकर कुलदीप सिंह पठानिया ने की मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल की पूर्व सरकार ने हिमाचल को पूरी तरह से कर्ज में डुबो दिया है। डबल इंजन के सरकार में भी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कर्ज को 40000 से 85000 करोड पहुंचा दिया। नेता प्रतिपक्ष को आगे इस मुद्दे पर बयान देना शोभा नहीं देता है। हमीरपुर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने हमीरपुर में मीडिया कर्मी से रूबरू होते हुए यह बयान दिया है। विपक्षी नेताओं पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि अब सिर्फ विरोध करने के लिए भाजपा नेता नुक्ताचीनी का कर रहे हैं। मीडिया कर्मी शुरू ग्रुप होने से पहले कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर की बैठक का की अध्यक्षता की यह बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने की। इस अवसर पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता तथा नेता गण मौजूद रहे। हमीरपुर में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के दो दिवसीय दौरे को लेकर बैठक में रणनीति बनाई गई। कांगड़ा केंद्रीय बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार हिमाचल को कर्ज में डुबोकर गई है। कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के बाद से बेहतर काम किया है। पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारियों को राहत पहुंचाई गई तथा अन्य कार्यों को भी अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डे बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रहे हैं जिनके लिए शुरूआती चरण की प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू दो दिवसीय हमीरपुर के दौरे पर आ रहे हैं तथा इस दौरान कई उद्घाटन तथा शिलान्यास होंगे।

# वैली ब्रिज मनाली की भार क्षमता 20 टन से बढ़कर होगी 30 टनः गिरधारी लाल

**मनाली 9 जून राज अग्रवाल**

वैली ब्रिज मनाली जल्द ही फिर से वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार हो जाएगा । मनाली में बढ़ते टूरिस्ट फ्लो को देखते हुए विभाग द्वारा जल्द ही इसे रिपेयर कर वाहनों के लिए खोल दिया जायेगा । वैली ब्रिज की रिपेयर का काम आज शुरू हो गया है । गत पाँच से छे महीनों से ये पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था । मनाली की जनता के अनुरोध व मनाली में बढ़ते वाहनों के फ्लो को देखते हुए स्थानीय विधायक के प्रयासों से दोबारा पुल को अपग्रेड, स्ट्रेंथन और रिपेयर किया जा रहा है। जिसमें अपग्रेड लोडिंग के लिए सिंगल स्टोरी से डबल स्टोरी किया जा रहा है और साथ में पुल पर बिछी डक प्लेटों को भी बदला जा रहा है । पुल रिपेयरिंग का सामान



कोलकाता से गार्डन रिच शिप बिल्डर्स इंजिनियरस द्वारा तैयार किया गया है । लोक निर्माण विभाग मैकेनिकल डिवीजन शमशी के अधिशासी अभियंता गिरधारी लाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जहां पहले इस वैली ब्रिज की भार सहने की क्षमता 20 टन थी वहीं अपग्रेड करने के बाद 30 टन की हो जायेगी । उन्होंने बताया कि पुल को रिस्टोर करने का काम 15 से 20 दिन के बीच पूरा कर लिया जाएगा और पुल के जीर्णोद्धार पर 48 से 50 लाख रुपए खर्च होंगें। गौरतलब है कि 70 के दशक में बना यह पुल वर्षों तक पर्यटन नगरी मनाली को वाम तट से जोड़ने के साथ साथ सेना के लिए भी लेह तक रसद पहुंचने का एकमात्र जरिया रहा है। और जनजातीय जिला लाहुल स्पीति को समस्त देश से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाता रहा है । 2022 में फोरलेन पुल बन जाने के बाद , मनाली वैली ब्रिज की महत्ता कम हो गई थी परंतु मनाली में वाहनों के बढ़ते दबाब के चलते विभाग को इसे फिर से अपग्रेड और स्ट्रेंथन करना पड़ रहा है।

# नड्डा के हमीरपुर दौरे को लेकर राजीव बिंदल ने की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हमीरपुर दौरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने जिला भाजपा की तैयारियों की समीक्षा की। हमीरपुर के बिजली बोर्ड के रेस्ट हाउस में जिला भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की हुई इस बैठक में हमीरपुर के जिला अध्यक्ष पांचों विधानसभाओं के प्रत्याशी पूर्व विधायक उपस्थित रहे। बैठक में डॉ बिंदल ने 12 जून को हमीरपुर में होने जा रही भाजपा कोर कमेटी की बैठक में



हिस्सा लेने पहुंच रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष के अभिनंदन की तैयारियों को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों सहित मंडलों के अध्यक्षों व पूर्व प्रत्याशियों से विस्तृत जानकारी ली। नड्डा के अभिनंदन और कोर कमेटी की तैयारियों के लिए व्यवस्था की दृष्टि से बनी हुई सभी भिन्न.भिन्न टोलियों के प्रमुखों से तैयारियों का जायजा डॉक्टर बिंदल ने लिया और इन तैयारियों को अच्छी तरह अंतिम रूप देने हेतु उचित दिशा निर्देश भी डॉक्टर बिंदल ने पदाधिकारियों को दिए। डॉक्टर बिंदल ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्षों के उपलक्ष में महा जनसंपर्क अभियान जो पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाया जा रहा है उसमें खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और यह उत्साह प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है जो आने वाले समय में पार्टी के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

# 11 जून पर विशेष पझौता गोली कांड दिवस

## पझौता आन्दोलन रियासती सरकार के खिलाफ एक विद्रोह था



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पझौता आन्दोलन को स्वतंत्रता संग्राम का एक हिस्सा माना जाता है। 11 जून, 1943 को महाराजा सिरमौर राजेन्द्र प्रकाश की सेना द्वारा पझौता आन्दोलन के निहत्थे लोगों पर राजगढ़ के सरोट टिले से 1700 राऊंड गोलियां चलाई गई थी जिसमें कमना राम नामक व्यक्ति गोली लगने से मौके पर ही शहीद हुए थे। जबकि तुलसी राम, जाती राम, कमालचंद,हेत राम, सही राम, चेत सिंह घायल हो गए थे।

बता दें कि 11 जून का दिन हर वर्ष पझौता गोलीकांड दिवस के रूप में मनाया जाता है। गौर रहे कि सिरमौर जिला के राजगढ़ तहसील का उतरी-पूर्व भाग पझौता घाटी के नाम से जाना जाता है। वैद्य सूरत सिंह के नेत्त्व में इस क्षेत्र के जांबाज एवं वीर सपूतों द्वारा सन 1943 में अपने अधिकार के लिए महाराजा सिरमौर के विरूद्ध आन्दोलन करके रियासती सरकार के दांत खटटे कर दिए थे। इसी दौरान महात्मा गांधी द्वारा सन 1942 में देश में भारत छोड़ों आन्दोलन आरंभ किया गया था जिस कारण इस आन्दोलन को देश के स्वतंत्र होने के उपरांत भारत छोड़ों आन्दोलन की एक कड़ी माना गया था। जिस कारण पझौता आन्दोलन से जुड़े लोगो को प्रदेश सरकार द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों का दर्जा दिया गया था। विभिन्न सूत्रों से एकत्रित की गई जानकारी के अनुसार महाराजा सिरमौर राजेन्द्र प्रकाश की दमनकारी एवं तानाशाही नीतियों के कारण लोगों में रियासती सरकार के प्रति काफी आक्रोश था। महाराजा सिरमौर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार की सेना और रसद प्रदान करके मदद कर रहे थे और जिस कारण रियासती सरकार द्वारा लोगों पर जबरन घराट, रीत-विवाह इत्यादि अनुचित कर लगाने के अतिरिक्त सेना में जबरन भर्ती होने के लिए फ रमान जारी किए गए।

# पूर्व सरकार ने मनरेगा मजदूरों की सुविधाओं का पैसा डकाराः संत राम

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

पूर्व सरकार ने मनरेगा मजदूरों की सुविधाओं का पैसा डकार कर उसे प्रचार-प्रसार में लगाया है। यही नहीं चुनावों के दौरान सरकार पैसा खर्च करती रही और चुनाव होने के बाद श्रमिक कल्याण बोर्ड के सेक्रेटरी ने 12 दिसंबर, 2022 को मजदूरों की सुविधा बंद करने की नोटिफि केशन निकाली। यह बात हिमाचल प्रदेश मनरेगा एवं निर्माण सर्व कामगार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संत राम ने यहां प्रेस क्लब कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

इससे पहले वे मंत्री एवं श्रमिक बोर्ड के चेयरमैन धनीराम शांडिल




से मिले और उन्हें श्रमिक बोर्ड में चल रही धांधलियों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के सेक्रेटरी ने बोर्ड व सरकार का बेड़ा गर्क किया है और वर्तमान में भी पूर्व सरकार के भोंपू बनकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सेक्रेटरी ने पूर्व सरकार को खुश करने के लिए बोर्ड का करीब पांच करोड़ रुपए प्रचार व प्रसार में लगाए और यह पैसा श्रमिकों की सुविधा में खर्च का पैसा था। यही नहीं बाद में एक चिी निकाली और इस चिट्ठी में श्रमिकों की सुविधा बंद करने के फरमान सरकार को विश्वास में लिए बिना ही जारी कर दिए।

उन्होंने कहा कि श्रमिक कानून 1996 में बना कानून है और 2013.14 में मनरेगा मजदूरों को भी इसमें जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि तीन लाख मनरेगा मजदूर श्रमिक कल्याण बोर्ड से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक बोर्ड से जुड़े मजदूरों को सुविधा मिलती है जिसमें महिला प्रसूता होने पर 25 हजारएबच्चों की शादीएबच्चों को पढ़ाई के लिए छात्र वृति सहित अन्य कई सुविधाएं मिलती है जिन्हें सेक्रेटरी बोर्ड ने बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि धनी राम शांडिल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस पर गौर फरमाएंगे। यदि यह सुविधाएं बहाल नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में पहले व्यापक हस्ताक्षर अभियान करेंगें फिर बहुत बड़ा आंदोलन करेंगें। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के महामंत्री जीत राठौर, कोषाध्यक्ष शोभा राम भारद्वाज, भावना शर्मा बंजार प्रभारी व मेघ सिंह पालसरा बलीचौकी ब्लॉक अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# मानव सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर 12 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपतहसील जोल के तहत मानव सेवा समिति खुरवाईं की ओर से 12 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक मंडल भवन अंबेहड़ा धीरज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के साथ-साथ अंबेहड़ा के उद्योगपति महालक्ष्मी इंडस्ट्री एवं समाजसेवी योगराज जोगी द्वारा मीठे पानी की छबील एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ हैं, इनके बिना न नेता कुछ हैं न पार्टी: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ हैं। इनके बिना न तो कोई नेता कुछ हैं और नहीं पार्टी। मैं उन सभी कार्यकताओं को नमन करता हूं जिन्होंने पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर थुनाग में पार्टी द्वारा आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने दिवंगत पार्टी कार्यकताओं को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जो आज हमारे बीच नहीं हैं उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार



विकास की नई गाथा लिख रहे हैं, दुनियां में भारत का डंका बज रहा है। हिमाचल समेत पूरे भारत में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हो रहा है। इस अवसर पर पार्टी के स्थानीय नेता समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मौके पर सुक्खू सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आज हिमाचल में विकास पर तालाबंदी हो गयी है। हिमाचल के मुख्यमंत्री को हिमाचल के लोग लॉकप्रिय सीएम कह रहे हैं। जिन्होने हिमाचल में हो रहे विकास पर ताला लगा दिया है। कांग्रेस के लोग व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आए थे लेकिन जिस तरह की व्यवस्था दे रहे हैं उससे देवभूमि के लोग त्रस्त है। हिमाचल में पहली बार ऐसी सरकार आई हैं जो स्कूलों पर ताले लगवा रही है लेकिन शराब के ठेके रात के एक बजे तक खुलवा रही है। व्यवस्था परिवर्तन वाले लोग इसे राजस्व बढ़ाना कह रहे हैं। आखिर हम देवभूमि के युवाओं को कहां ले जाना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मासूमों के आंगनबाड़ी केन्द्र के बगल में ही इस सरकार ने शराइ की दुकान खोल दी, जब वहां आने वाले मासूम बच्चों के परिजनों ने इस पर ऐतराज जताया और शराब ठेके को हटाने की मांग की तो सरकार ने वह आंगनबाड़ी केन्द्र ही हटाने का आदेश दे दिया। इन दिवंगत कार्यकताओं के योगदान को सराहते हुए दी श्रद्धांजलिनेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने थुनाग क्षेत्र के दिवंगत कार्यकर्ता स्व. धर्मचंद शैरी,स्व. लाभचंद, स्व. बीरबल और स्व. मेहरचंद के द्वारा पार्टी के लिए किए गए योगदानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक को पहुंचाएंगे नई बुलंदियों पर: सुनील शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर जिले से हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के नवनियुक्त निदेशक सुनील शर्मा ने शनिवार को बेरी बरमाणा एलगट और धार टटोह में पूर्व में रहे प्रधानों द्वारा आयोजित एक वेलकम कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जिले में लोगों की जरूरतों को देखते हुए छः नए बैंक की शाखाएं खोलने की बात रखी। उन्होंने बताया कि सोमवार को बीओडी की होने वाली बैठक में हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक को ऋ ण वापस न कर पाने वाले व्यक्तियों के लिए भी एकमुश्त अदायगी नीति पर विचार कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस विषय पर पहले ही लोगों को राहत देने के लिए इस योजना पर घोषणा



कर दी है। बैंक को और सुदृढ़ करने के लिए नई योजनाओं को गति देंगे। गौरतलब है कि डिफाल्टरों ने जितना ऋण लिया था, उतना ही ब्याज बन गया। विभाग ने डिफ ाल्टरों को नोटिस भी दिए। जागरूकता अभियान भी चलाए, लेकिन परिणाम शून्य रहा।समय पर ऋ ण अदा न करने के कारण डिफॉल्टरों की संख्या बढ़ती चली गई। इस लिए अब फि र से सहकारी बैंक ने डिफ ॉल्टर्स के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम चलाएगी। राष्ट्रीय बैंकों व दूसरे प्राइवेट बैंक की तुलना में ग्राहकों को सहूलियत देने के लिए राज्य के सभी सहकारी बैंकों को आधुनिक और आकर्षित करने के लिए योजना को धरातल पर उतारेगें। उन्होंने कहा कि धार-टटोह पंचायत, ह्वान, लद्दा पंचायत जगातखाना आदि में नई शाखाओं को खोलने, पार्ट टाइम जॉब, बैंक में नई योजनाएं, डिफ ाल्टरों के लिए ओटीएस स्कीम आदि बीओडी की बैठक में मुख्य बिंदु रहेंगे। उन्होंने सभी ग्राहकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से इस वक्त बैंक 400 करोड़ रूपए के प्रॉफिट में चल रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन द्वारा टीटी हॉल पड्डल मंडी में दो दिवसीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता मे मण्डी जिला के 200 खिलाडी भाग ले रहे है। मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र सिंह आजाद ने जानकारी देते हुए बताया की इस प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि के रूप मे सैम्बो एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अंकुश सूद ने शिरकत की । इस अवसर पर मण्डी जिला पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के अध्यक्ष एसोसिएशन के पदाधिकारी देविन्द्र कुमार, बृज लाल चौहान, संतोष कुमार, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, देवगय अवस्थी उपस्थित रहे !इस प्रतियोगिता मे प्री टीन,सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग के मुकाबले करवाए जा रहे है। आज हुए मुकाबलो मेलडकियो के सिंगा वर्ग 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग मे 26 किलोग्राम भार वर्ग मे डी ए वी स्कूल गोहर की दिता ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीता।लडकियो के मकान वर्ग 7 से 9 वर्ष आयु वर्ग में 22 किलोग्राम भार वर्ग मे रिशिता कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। लडकियो के मकान वर्ग 7 से 9 वर्ष आयु वर्ग में 40 किलोग्राम भार वर्ग मे सेन्ट मैरी स्कूल सुंदरनगर की कुमुद ठाकुर ने स्वर्ण पदक और अधरिता ने रजत पदक जीता। प्री टीन वर्ग लडकियो मे टेन्डिंग इवेंट मे 24 किलोग्राम भार वर्ग मे दिव्यांशी ने स्वर्ण पदक और जिगयाशा ने रजत पदक जीता। 28 किलोग्राम भार वर्ग मे कैम्ब्रिज स्कूल की प्रिशा गुप्त ने स्वर्ण पदक और सैंट मैरी की शरनया शर्मा ने रजत पदक जीता।

### 27 जून को मनाया जाएगा सरकाघाट कल्याण सभा का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

सरकाघाट कल्याण सभा की मासिक बैठक कोर्ट परिसर में सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई। मासिक बैठक का उद्देश्य 27 जून को सरकाघाट कल्याण सभा के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा करना था। सरकाघाट कल्याण सभा के अध्यक्ष कैप्टन तुलसीराम ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जून को सरकाघाट कल्याण सभा का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर आज एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें स्थापना दिवस को किस तरह से मनाया जाए इसके लिए अन्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं से सुझाव लिए गए कल्याण सभा के महासचिव प्रभु दयाल ठाकुर ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा उन्होंने कहा कि सभा के अध्यक्ष केएस प्रेमी की अध्यक्षता में 27 जून को स्थापना दिवस के दौरान त्रैमासिक चुनाव भी करवाए जाएंगे ।सरकाघाट कल्याण सभा के अध्यक्ष व संस्थापक केएस प्रेमी ने इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं को आने की अपील की है साथ ही उन्होंने कहा कि सभा की आम बैठक में भी ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता आए और अपने सुझावों को रखें।

### सहकार के क्षेत्र में केंद्र सरकार कर रही सराहनीय कार्य: आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दी बंडा कृषि सहकारी सभा तनोह का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि सभा के सचिव अमन शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि आर्य ने कहा कि लोकतंत्र में सहकारिता का अपना ही महत्व है। केंद्र सरकार सहकार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं को आवश्यक मार्गदर्शन, संरक्षण एवं आर्थिक तथा तकनीकी सुविधा जैसे अंशपूजी, ऋण गारंटी तथा अनुदान आदि सुलभ कराता है।

# मास्टर्स 6 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता की विजेता हिमाचल टीम में छाई मंडी की वंदना



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जम्मू के केके हक्कू हॉकी टर्फ स्टेडियम में हुई मास्टर्स 6-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने पंजाब को 4-1 से हरा कर जो महिला वर्ग का खिताब जीता है उसमें मंडी की वंदना भी शामिल थी। इस जीत में वंदना का रोल बेहतरीन रहा है। वंदना ग्रामीण विकास विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत है। वह गांव चडयारा के विनोद कुमार जो पूर्व पंचायत प्रधान है की पत्नी है तथा हॉकी की एक अच्छी खिलाड़ी है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जम्मू कशमीर के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब, हिमाचल की टीमों ने भी भाग लिया। इसमें खिताब हिमाचल की टीम के नाम रहा जिसकी मंडी से वंदना कुमारी भी शामिल रही।

# चंबा-चुवाड़ी टनल की प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट की जाए तैयार: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जिला में लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

विक्रमादित्य सिंह ने विभाग के अधिकारियों को प्रस्तावित चंबा-चुवाड़ी टनल को लेकर प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट पीपीआर तैयार करने के निर्देश जारी किए। विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान विक्रमादित्य सिंह ने जिला में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन में



विशेष प्राथमिकता रखने को कहा। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र भरमौर-पांगी सहित उपमंडल चुराह के तहत विभिन्न विभागीय परियोजनाओं में और तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी जारी किए। विक्रमादित्य सिंह ने विशेषकर विधानसभा क्षेत्र भरमौर-पांगी में विभाग की अर्जित उपलब्धियों पर असंतोष जाहिर करते हुए नियमित अंतराल के भीतर कार्यों की समीक्षा के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भरमौर क्षेत्र का जल्द दौरा कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा करेंगे।

# तेरी अखियां करे इंतजार संवारे से झूमा ऊना

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रात्रि देवी जागरण कमेटी द्वारा ऊना शहर की एमसी पार्क में शुक्रवार रात्रि दो दिवसीय जागरण शुरू हुआ। जागरण के पहले दिन अभिषेक राज आंनद दिल्ली वाले व विनोद राजन यमुना नगर वालों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। जागरण में मां कामख्या देवी का मंदिर मुख्य आकर्षण रहा। अभिषेक राज आंनद दिल्ली वाले ने मंच संभालते ही गणपति बब्बा मोर्या से शुरूआत की। इसके ही उन्होंने तेरी अखियां करे इंतजार संवारे, आनंद ही आनंद है, हम तो बाबा के भरोसे



चले हैं, प्रेम से बोलो जय माता दी, चलो बुलवा आया है, दिल करदा मईया आज दिल करदा, नी माय मेरिए मंदरा दे बुए आज खोल दें सहित अन्य भजन गाए। इसके उपरांत विनोद राजन यमुना नगर वालों ने मां के भजनों से सबको झूमने के लिए विवश कर दिया। कमेटी के प्रवक्ता राकेश कपिला ने दूसरे दिन जसवीर जस्सी ऊना वाले, सुरभि चतुर्वेदी जयपुर वाली व वंदू शर्मा मथुरा वाले मां के दरबार में चार चांद लगाएंगे। इसी दिन चंद्रमोहन ऊना वाले मां तारा रानी के इतिहास पढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण के उपलक्ष्य में 11 जून को एमसी पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल वशिष्ठ, चंद्रपारस, राकेश बब्बा, राकेश कपिला, मुनीष कपिला, दीपू चडढ़ा, ज्योति पुरी, अनिल कपिला, राजेंद्र पुरी, रवि दुबे, पवन जगोता, लक्की धन्ना, बिंदल कपिला, कुश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सुक्खू सरकार की बढ़ती लोकप्रियता को देखते भाजपा दोबारा सत्ता में आने का पाल रही है ख्वाब

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

मोदी सरकार पिछले नौ वर्ष से कांग्रेस और अन्य विरोधी सरकारों को तंग करने का तरीके को तानाशाही प्रवृति का सूचक बताया। यह बात पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव और राज्य सह संयोजक राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ठाकुर हीरा पाल सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए कही। इस दौरान उनके साथ जिला के प्रमुख व्यावसायी शमशेर गौतम, अशोक ठाकुर, जिला किसान सेल के उपाध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर थे।

# राजकीय सहस्त्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राजकीय सहस्त्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। सरकार का प्रयास है कि युवाओं के हुनर को तराशकर उन्हें नई दिशा दी जाए ताकि वे रोजगार प्राप्त करने अथवा स्वरोजगार लगाने के लिए उपयुक्त ज्ञान, कौशल और अवसरों से परिपूर्ण हों । वार्षिक बजट में तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के लिए प्रतिवर्ष निरन्तर वृद्धि के साथ-साथ नई शैक्षणिक संस्थाएं खोलने पर बल दिया जा रहा है। विधायक नीरज नैय्यर ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया

इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर ने अपने संबोधन में संस्थान द्वारा छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में टेक्नोलॉजी का बोलबाला है। कोई भी व्यक्ति जो तकनीकी शिक्षा को अपनाता हैए आज के वर्तमान समय में उसका भविष्य उज्जवल है बशर्ते उसमें कुशलता की कमी ना हो। तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे युवाओं के लिए स्वालंबन के बेहतर विकल्प है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ सोशल मीडिया का उचित उपयोग करने को भी कहा। उन्होंने कहा तकनीकी शिक्षा में प्रशिक्षणार्थी का कुशल होना बहुत आवश्यक है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिए कोरोना वारियर्स को वेतन जारी करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कर्नल डॉ धनीराम शांडिल ने कुल्लू जिला के तीन दिवसीय दौरे के दौरान जरी स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया उन्होंने इस दौरान संस्थान द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी हासिल की।उन्होंने कोरोना वॉरियर्स को वेतन जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा लोगों



को उनके घर द्वार के निकट बेहतर व नवीनतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एक उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किया जाएगा जहां मरीजों को हर प्रकार की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध होग । उन्होंने कहा कि चिकित्सको व पैरामेडिकल स्टाफ के पद प्राथमिकता के आधार पर भरे जा रहे हैं। उन्होंने ने सीएमओ कुल्लू को सफ्ताह में एक दिन जरी अस्पताल मे रेडियोलॉजिस्ट तैनात करने निर्देश दिए। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने भुटिको कार्यालय परिसर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि भुटिको का प्रदेश की प्राचीन व पारम्परिक बुनाई कला के सरक्षण व संबर्धन में अहम भूमिका है तथा प्रदेश के पारम्परिक परिधानों की राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पहचान बनाई है।

भुटिको भुटी बुनकर सहकारी सभा लिमिटेड के अध्यक्ष सत्यप्रकाश ठाकुर ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा भुटिको की गतिविधियों की जानकारी दी।

# रोरिक आर्ट गैलरी में कृष्णा कशी पाल्मो ने किया चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला कुल्लू के नगर स्तिथ रोरिक आर्ट गैलरी में मशहूर चित्रकार भूपिंदर दुट्टी द्वारा वाटर कलर द्वारा बनाए गए एमिडेस्ट नेचर शीर्षक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लाहुल स्पिति के लाहुल उपमंडल की शिप्टिंग गांव की मशहूर चित्रकार कृष्णा टशी पल्मो ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया व प्रदर्शनी का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर चित्रकार भूपिंदर दुट्टी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को कुल्लुवी टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोरिक आर्ट गैलरी की



क्यूरेटर लारिसा व भारतीय क्यूरेटर सुरेश नड्डा, स्थानीय व्यवसायी राम तीर्थ सिंह व अनेकों कलाकारों साथ गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर चित्रकला प्रदर्शनी का हिस्सा बने। कृष्णा टशी पल्मो ठाकुर ने प्रदर्शनी में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया व कहा कि उनके लिए यह जीवन का सबसे यादगार लम्हा रहा क्योंकि भूपिंदर दुट्टी जैसे महान चित्रकार जिनको वह अपने जीवन का आदर्श भी मानती हैं और आज ऐसे चित्रकार के प्रदर्शनी में रिबन काट शुभारंभ करना उनके लिए जीवन सुखद अनुभव रहेगा और सदा प्रेरणा देता रहेगा।

इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर लारिसा व भारतीय क्यूरेटर सुरेश नड्डा ने अपने संबोधन में चित्रकार भूपिंदर दुट्टी को शुभकामनाएं दी व रोरिक आर्ट गैलरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी, इस अवसर पर डॉ प्रेम दीप लाल, कवि अजय भी मौजूद रहे।

# धौलरा बाबा नाहर सिंह मंदिर में भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया।सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल अपने पूरे परिवार सहित आराध्य देव के मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। भंडारे में राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष की धर्म पत्नी व चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ मल्लिका नड्डा व उनके बेटे युवा समाजसेवी हरीश नड्डा ने भी बाबा के दरबार में शीश नवा कर भंडारे में शिरकत की।

इस दौरान पूरा क्षेत्र बाबा नाहर सिंह बजिया के उद्घोषों से गूंज उठा। लोगों की अटूट आस्था के



केंद्र बाबा नाहर सिंह मंदिर में श्रद्धालुओं की आमद हालांकि साल भर लगी रहती है, लेकिन शुक्रवार को विधायक द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में भीड़ अत्यधिक थी। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि हमारा धार्मिक स्थल बाबा जी का मंदिर आस्था का केंद्र है। इस स्थल पर सच्चे दिल से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है। बीती रात भर भजन-कीर्तन के माध्यम से वे नाहर सिंह बजिया की महिमा का गुणगान भी हुआ। शुक्रवार को जिले की भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे तथा बाबा नाहर सिंह जी के मंदिर में माथा टेका और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए भी पहुंचे थे। कतारों में खड़े होकर बाबा के चरणों में शीश भी नवाया।

# प्रतिभा सिंह ने विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 22.50 लाख की धनराशि की जारी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र के 24 मई के दौरे के दौरान मंडी संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद प्रतिभा सिंह ने लाहौल की लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत अपनी घोषणाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए सांसद प्रतिभा सिंह ने लाहौल घाटी के विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं के तहत विकास कार्यों के लिए 22.50 लाख की धनराशि जारी की है। खंड विकास अधिकारी केलांग बबनेश चड्ढा ने बताया कि सांसद ने लाहुल स्पिति के विकास खण्ड केलांग के अन्तर्गत विभिन्न ग्रांम पंचायतों में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए यह राशि जारी की है। इन विकास कार्यों का क्रियान्वयन जल्द सुनिश्चित बनाया जाएगा, ताकि लोगों को अधिक से अधिक इन योजनाओं का समय पर लाभ पहुंच सके। इन विकास कार्यों में सिंचाई योजना, महिला मण्डल भवन व सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शामिल है खंड विकास अधिकारी केलांग ने बताया कि ग्राम पंचायत वारपा में सिंचाई सुविधा के लिए 3 लाख की धन राशि, साइफन सिंचाई योजना खागंसर तिनन घाटी 3 लाख, क्वारिंग सिंचाई योजना के लिए तीन लाख, सामुदायिक भवन लामा गोम्पा ग्वाजंग 3लाख, सिंचाई योजना हॉलिंग जहालमा 3 लाख, सामुदायिक भवन उत्थँग गोम्पा 3लाख, महिला मंडल भवन मूर्तिचा 2 लाख, महिला मंडल भवन यांगला 1.5लाख, महिला मंडल भवन लोअर केलांग 50 हजार, महिला मंडल भवन अप्पर केलांग के लिए 50 हजार की धनराशि जारी की गई है। जल्द ही इन कार्यों को आरंभ कर दिया जाएगा।

विधायक लाहौल स्पीति रवि ठाकुर ने सांसद प्रतिभा सिंह का विकास कार्यों के लिए जारी की गई धनराशि के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

# मां चिंतपूर्णी दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



उत्तर भारत के प्रसिद्व धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी मंदिर के दरबार में शनिवार को श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढोतरी देखी गई हैं। वीकेंड के चलते पंजाब, हिमाचल और यूपी से श्रद्धालु माता रानी के दरबार में पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें बाजार में लगना शुरू हो गईं। हालांकि व्यवस्थाएं दुरुस्त रहने के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना भी नहीं करना पड़ा। मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की लाइन काफी लंबी खिंच गई और देखते ही देखते दोपहर तक पुराना बस अड्डे के डबल लाइन क्रॉस कर चुके थे।

चिंतपूर्णी में सुबह 11 बजे श्रद्धालुओं की कतारें पुराना बस अड्डा तक पहुंच गई। इस दौरान माता रानी के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। मंदिर प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए छायादार टैंट और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। दोपहर तक श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर कतारें एक बजे होटल संतोष तक पहुंच गई। हालांकि शाम होते हुए श्रद्धालुओं की आवक कम हो गई। इसके बाद सामान्य तौर पर श्रद्धालु मंदिर के लिए रवाना हुए। शनिवार देर शाम तक करीब 15 हजार की संख्या में श्राद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में हाजिरी भरी। वीकेंड पर शनिवार और रविवार को भी अधिक भीड़ रहने की उम्मीद है। छुट्टी के चलते सामान्य से अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंच सकते हैं। मंदिर अधिकारी बलबंत पटियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास रहता है। श्रद्धालु भी सहयोग करें और व्यवस्थाएं बनाए रखें। मंदिर में भीड़ बढ़ने के साथ-साथ मंदिर प्रशासन ने अपनी व्यवस्थाओं को ओर भी कड़ा किया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। मंदिर प्रशासन ने व्यवस्था को पूरी तरह से कायम बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रद्धालुओं को तपती धूप से बचाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### कुफरी में एक नाबालिग युवती के साथ टैक्सी ड्राइवर द्वारा दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिमला के पर्यटन स्थल कुफ री में एक नाबालिग युवती के साथ टैक्सी ड्राइवर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता मुम्बई की रहने वाली है। पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार अप्रैल माह में पीड़िता परिवार सहित शिमला घूमने आई थी। परिवार ने घूमने के लिए हरियाणा नम्बर की टैक्सी हायर की थी। टैक्सी चालक घुमाने के बहाने रात को नाबालिग को अकेला सुनसान जगह ले गया जहाँ उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जब पीड़िता का परिवार वापिस मुंबई पहुंचाए तो उसने मामले का खुलासा किया। इसके बाद मुम्बई के गोरेग्रां थाने में मामला दर्ज किया गया। वहां की पुलिस द्वारा जीरो एफआईआर के तहत मामला ठियोग स्थानांतरित किया गया। ठियोग पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आईपीसी की धारा 376 व पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता का परिवार 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिमला के ट्रिप पर आया था। 12 अप्रैल को परिवार हरियाणा नम्बर की एक टैक्सी में कुफरी के एक होटल पहुंचा। टेक्सी ड्राइवर हिमाचल से बाहर का रहने वाला है। वह 13 अप्रैल की देर शाम पीड़िता को साइटसीन का झांसा देकर अकेले टैक्सी में ले गया। इसके बाद पीड़िता को एक अलग जगह ले गया और जबरन पीड़िता के साथ शारीरिक सम्बंध बनाए। ठियोग पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

### डॉक्टर नदीम का साथ देने वालों का समाज से करेंगे वहिष्कार: चंदन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

भगवान शिव के खिलाफ अमर्यादित और अश्लील टिप्पणी करने वाले डॉक्टर नदीम के खिलाफ हिंदू संगठन का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। हिंदू संगठन ने डॉक्टर नदीम के बाद अब उसका साथ देने वालों के खिलाफ भी मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है। शनिवार को जारी संयुक्त ब्यान में हिंदू एकता मंच के सदस्य चंदन शर्मा, राहुल ऐरी व दीपक जोशी ने कहा कि डाक्टर नदीम अख्तर ने भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी की हैं, जिसके लिए सभी हिंदू मिलकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इक्का-दुक्का डॉक्टर या डॉक्टर के परिवार से संबंध रखने वाला, जो अपने ही धर्म के खिलाफ अंदर खाते डॉक्टर नदीम को मदद कर रहा है, वह यह ना समझे कि हिंदू समाज उनकी बातों को समझ नहीं रहे हैं। उन्होंने डॉक्टर नदीम का समर्थन देने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह अपने धर्म के प्रति निष्ठा रखें। अन्यथा हम आने वाले कुछ ही दिनों में उनकी असली असलियत समाज के समक्ष रखेंगे और डा. नदीम के साथ-साथ उनका पुतला भी जलाएंगे। इतना ही नहीं आम जनमानस को बताया जाएगा कि यह लोग एक तरफ तो महादेव के मंदिर में घंटियां बजाते हैं और दूसरी तरफ महादेव को अभद्र टिप्पणी करने वालों को संरक्षण देते हैं। ऐसे लोगों को समाज में बहिष्कार होगा, तो हिंदू धर्म में पैदा होकर हिंदू धर्म के विरोध करने वाले व्यक्ति का सहयोग करेगा। चंदन ने कहा कि हम सभी धर्मों की इज्जत और सम्मान करते हैं, चाहे वह सिख हो, इसाई हो, क्रिश्चियन हो, इस्लाम हो या कोई अन्य धर्म हो। उन्होंने कहा कि जब हम किसी के धर्म की आलोचना नहीं करते हैं, तो हम किसी भी कीमत पर अपने धर्म की आलोचना सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपना धर्म बचाने के लिए हर कुबार्नी देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जिला ऊना के सभी हिंदू संगठनों का भी आभार जताया, जिन्होंने इस पूरे मामले में खुलकर समर्थन दिया।

# राज्य सरकार युवाओ की आर्थिकी मजबूत करने के लिए प्रयासरतः भुट्टो

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राज्य सरकार युवाओ को नशे से दूर रखकर आत्म निर्भर बनाकर उनकी आर्थिकी मजबूत करने के लिए प्रयासरत बनी हुई है, ताकि युवा वर्ग सरकारी, गैर सरकारी अथवा अपने शहर गांव में अपना व्यवसाय करके अपनी आर्थिकी मजबूत करें। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुटटो ने शनिवार को बंगाणा में राणा गन हॉउस के उद्घाटन करने के बाद जन संपर्क अभियान में जनता को संबोधन करते हुए कहे। विधायक भुटटो ने कहा कि युवाओ के लिए ऐसे आत्मनिर्भर बनकर अपनी आर्थिकी मजबूत करने के लिए व्यवसाय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने समाज को नशा मुक्त बनाने की मुहिम को तेज किया है, ताकि हमारे युवा नशे के दलदल से बाहर निकलकर समाज और देश के प्रति अपनी सहभागिता प्रदान कर सकें। इस मौके पर मास्टर रमेश राणा, सरोज राणा, राज कुमार राणा, निशा राणा, कुटलैहड़ कांग्रेस महासचिव प्रवीण पादा, रणवीर राणा, एसडीओ डॉ सतिंद्र ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पहली बार देगा बीबीए में छात्रों को प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब अपनी तरह का पहला स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी है, जिसे आईबीएम ने एंकर पार्टनर, टाटा टेक्नोलॉजीज और एंसिस को उद्योग भागीदारों के रूप में विकसित किया है। यह बात एलटीएसयू के रजिस्ट्रार प्रो. बीएस सत्यपाल ने ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। प्रो. सत्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय आईबीएम समर्थित कंप्यूटर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, आईओटी और साइबर सिक्योरिटी इन फोकस, टाटा टेक्नोलॉजीज और हेक्सागोन समर्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए सिरे से नामांकन करना चाहता है। लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल के सहयोग से विश्वविद्यालय क्षेत्र में पहली बार बीबीए में छात्रों को प्रवेश देगा। इन कोर्सों के अलावा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 2000 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में बी फार्मा और एमफार्मा, व्यापार और वाणिज्य, कानूनी अध्ययन जैसे लोकप्रिय पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। ग्रेजुएशन पोस्ट ग्रेजुएशन और रिसर्च लेवल पर ऑफर किए जाते हैं। यूनिवर्सिटी के संयुक्त रजिस्ट्रार एसएस बाजवा ने कहा कि एनएसडीसी राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से विश्वविद्यालय ने सीओवीटी और लागत के तहत लर्न एंड अर्न प्रोग्राम जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं। यूनिवर्सिटी के डीन स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ. आशुतोष शर्मा ने कहा कि हमारा फोकस प्रैक्टिकल आउटपुट पर है। हमारी शुरूआत उद्योग और छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से है।

# रधाड़ा पंचायत राज्य भर में रही प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



ग्राम पंचायत रंधाडा विकासखंड सदर मंडी को सतत विकास लक्ष्यों के तहत थीम नंबर-2 मे स्वस्थ पंचायत के लिए हिमाचल प्रदेश में केगनेनो शिमला में पंचायती राज व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री अनिरुद्ध सिंह जी द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायतों के प्रोत्साहन पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह 17 से 21 अप्रैल तक न्यू दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें ग्राम पंचायत रंधाडा को नेशनल पंचायत पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव ने इस समारोह में अपनी पूरी भागीदारी दी तथा ग्राम पंचायत रंधाडा को स्वस्थ पंचायत के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।पंचायत प्रधान कृष्णा देवी द्वारा उप प्रधान लेख राम सभी पंचायत पदाधिकारियों महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह तथा जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, खंड विकास अधिकारी चेतराम, पंचायत सचिव पूनम शर्मा व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अन्य सभी कर्मचारी वर्ग का धन्यवाद किया गया क्योंकि सभी ने पंचायत का समय-समय पर मार्गदर्शन किया है।

# युवा मंडल ने जब्बल का बाग में दौड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

नेहरू युवा केंद्र नाहन के सौजन्य से पूरे जिला सिरमौर सहित युवाओं के लाइफ स्टाइल फ ॉर एनवायरमेंट जागरूकता प्रोग्राम के तहत नाहन ब्लॉक में युवा मंडल जब्बल का बाग के द्वारा युवाओं के शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाहन पंचायत उप प्रधान जय प्रकाश और नाहन एनवाईवी शीतल द्वारा युवाओं के शारीरिक फिटनेस के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई।

# मवा कहोलां के रजत व कुनेरन के तुषार बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट





**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल गगरेट में मवा कहोलां व कुनेरन के दो युवा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। आईएमए देहरादून में शनिवार को हुई पासिंग आउट परेड के बाद मवा कहोलां के रजत डडवाल व कुनेरन के तुषार ठाकुर भारतीय सेना में शामिल हुए है। दोनों के लेफ्निेंट बनने से गांव में खुशी का माहौल है। मवा कहोलां निवासी रजत डढ़वाल वर्ष 2014 में ईएमई में सिपाही भर्ती हुए थे। इसके उपरांत 2018 में कमीशन किया। रजत डडवाल ने राष्ट्रीय सैन्य अकादमी देहरादून से 4 साल का प्रशिक्षण हासिल किया। पासिंग आउट परेड के समय रजत डडवाल के पिता गुरदीप सिंह, भाई राहुल लखनपाल, भरजाई भावना, बहन अमृता राणा, अतुल राणा व रेनम डडवाल मौजूद रहे। रजत डडवाल के पिता गुरदीप सिंह सेना से सेवानिवृत है, जबकि माता उषा देवी गृहणी है। लेफ्टिनेंट रजत डडवाल आसाम रेजिमेंट में अपनी सेवाएं देंगे। रजत डडवाल की शिक्षा सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट से हुई है। लेफ्टिनेंट रजत डडवाल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दिवंगत दादा कै. गजे सिंह डडवाल, माता -पिता व गुरुजनों को दिया है। उधर, कुनेरन के तुषार ठाकुर 8 सिख रेजिमेंट में अपनी सेवाएं देंगे।

लेफ्टिनेंट तुषार ठाकुर के पिता सतीश परमार सेवानिवृत प्रिंसिपल है, जबकि माता अनुराधा परमार राजकीय माध्यमिक पाठशाला शिवपुर में अध्यापिका है। तुषार ठाकुर के बड़े भाई दीपांश ठाकुर प्रतिष्ठित पैनासोनिक कंपनी में बतौर इंजिनियर सेवारत है। तुषार ठाकुर की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल अंबोटा में हुई, जबकि उन्होंने नवमीं से जमा दो की शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से हासिल करके वर्ष 2019 में एनडीए की परीक्षा पास की। राष्ट्रीय सैन्य अकादमी खडकवासला पुणे में 3 साल का प्रशिक्षण हासिल किया, जबकि एक साल आईएमए देहरादून में प्रशिक्षण लिया। लेफ्टिनेंट तुषार ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी व गुरुजनों को दिया है।

# युवक मंडल ने गांव क्यारकोटी में चलाया सफाई अभियान

**टीम एकन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



युवक मंडल क्यारकोटी द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से गांव क्यारकोटी में बंजबी जीम तंपद वर्षा के जल संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया जिसमें युवक मंडल क्यारकोटि के प्रधान देवेश शर्मा द्वारा युवाओं को पानी का महत्व एवं पानी का सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने युवाओं को बताया कि पृथ्वी की सतह पर मौजूद लगभग 97 प्रतिशत पानी समुद्रों तथा महासागरों में मौजूद है जो नमकीन एवं खारा पानी है लेकिन यह पानी पीने योग्य नहीं है।

पीने योग्य जो पानी है वह मात्र 3 प्रतिशत है और उसमें भी 2.4 प्रतिशत पानी बर्फ तथा ग्लेशियरों के माध्यम से हमें प्राप्त होता है। 0.6 प्रतिशत पानी जो है वो प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नदियों-नालों एवं वर्षा के माध्यम से प्राप्त होता है इसलिए जल का सही इस्तेमाल आने वाले समय के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने आने वाले समय के लिए सामाजिक लोगो एवं युवाओं को प्राकृतिक जल स्त्रोतों से छेडखानी न करने की अपील की। इससे पूर्व सभी युवाओं द्वारा नालियों एवं जल स्त्रोतों के आसपास सफ ई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में लगभग 15 युवाओं ने अपना योगदान दिया। यह जानकारी नेहरू युवा केंद्र शिमला की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने दी।

# शिलाई की अश्याड़ी पंचायत में लाखों के गोलमाल की जांच में जुटी विजिलेंस

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



प्रदेश में सुक्खू सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करती आई है और शिलाई से वर्तमान विधायक और प्रदेश उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने तो शिलाई को भ्रष्टाचार मुक्त शिलाई का बीड़ा उठाया है। भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर विकास खंड कार्यालय से लेकर विधानसभा तक आवाज भी कई बार उठाई है। रेलियां निकाली गई और भ्रष्टाचार युक्त फाइलें उठाते हुए हर्षवर्धन चौहान को देखा गया है। ऐसे में वर्तमान सरकार के समक्ष भ्रष्टाचार पर शिकायते और विजिलेंस इंक्वायरी शिलाई के खंड विकास कार्यालय पर सवालिया निशान खड़े कर रही है।

वर्तमान में उपमंडल शिलाई की ग्राम पंचायत अश्याड़ी के ग्रामीणों द्वारा पंचायत के अंदर हुई विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें सरकार तक की है। जिसपर प्रदेश विजिलेंस ने दो दिनों तक विभिन्न योजनाओं का मूल्यांकन कियाए इस दौरान विजिलेंस टीम ने कई विभिन्न तरीकों से पंचायत रिकॉर्ड कब्जे में लिया तथा दर्जनों योजनाओं को मौका निरीक्षण किया है।

शिकायतकताओं में ग्राम पंचायत अश्याड़ी निवासी, जेलदार बहादुर सिंह, रघुवीर सिंह, टीकाराम, धर्म सिंह ने बताया कि गत दिनों प्रदेश मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री, प्रदेश सतर्कता विभाग को शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत अश्याड़ी में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कर्मचारियों के साथ मिलाकर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करके अनियमितताएं बरती गई है। बताया गया कि जिस सप्लायर से रेत, रोड़ी, बजरी खरीदी गई है उस सप्लार के पास जीएसटी नंबर नहीं है। बैंडर के पास खनन से संबंधित एम फार्म का इस्तेमाल नहीं किया गया है। सप्लायर के खाते में 20 से 30 लाख रुपये की पेमेंट डाली गई हैं। जबकि सप्लायर के पास मेट्रियल अप्लाई करने के लिए उपयुक्त सामग्री और सोर्स नहीं है। स्पलायर ने खनन विभाग का मटेरियल पंचायत को दिया है जिसका राजस्व सरकार को देने की जगह चोरी किया गया है। लाखों रुपए का गमन पंचायत प्रतिनिधियों ने पूरी सफाई के साथ किया है। जिसमे खंड विकास कार्यालय के कर्मचारियों की 5 प्रतिशत से अधिक की कमीशन टेबल के नीचे से निर्धारित रखी गई।

# मुफ्त बिजली की दरों में बढ़ोतरी का आग्रह किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के हाल ही में किन्नौर जिला के दौरे के दौरान प्रदेश हित में ऊर्जा क्षेत्र से सम्बधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनसे सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के ध्यानार्थ प्रस्तुत किया कि केन्द्रीय संयुक्त उपक्रम सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड एसजेवीएनएल व भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड बीबीएमबी के अधीन बनाई गई कई परियोजनाएं ऋ ण मुक्त हो चुकी हैं, जिनमें नाथपा झाकड़ी, रामपुर, भाखड़ा बांध, ब्यास सतलुज लिंक व पौंग बांध परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में लाया कि वर्तमान में एसजेवीएनएल द्वारा संचालित नाथपा झाकड़ी परियोजना 1500 मैगावाट व रामपुर परियोजना 412 मेगावाट से प्रदेश को केवल 12 प्रतिशत की दर पर मुफ्त बिजली प्राप्त हो रही है जबकि एसजेवीएनएल को इन ऋ ण मुक्त हो चुकी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में अनुबन्ध अवधि सीमा भी निर्धारित नहीं की गई है। यह प्रदेश हित में होगा कि इन परियोजनाओं में अन्य परियोजनाओं की भान्ति 40 वर्ष की समय अवधि निर्धारित करने के साथ-साथ मुफ्त बिजली की दरों में बढ़ोतरी की जाए।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष एसजेवीएनएल द्वारा कार्यन्वयन अनुबंध हस्ताक्षरित किए बिना ही लुहरी चरण-1 210 मैगावाट, धौलासि 66 मैगावाट व सुन्नी बांध 382 मैगावाट का निर्माण कार्य शुरू करने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बार-बार अनुरोध करने के बाद भी एसजेवीएनएल द्वारा अनुबंध हस्ताक्षरित नहीं किया जा रहा है तथा ऊर्जा नीति में वर्णित प्रावधानों को मानने में भी आनाकानी की जा रही है।

